ओडीओपी के तहत कुशल कारीगरों की पौध होगी तैयार

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत जिले के करीब पांच सौ कारीगरों को तकनीकी व क्राफ्ट की बेसिक व एडवांस ट्रेनिंग देकर उद्योग विभाग कुशल कारीगरों की पौध तैयार करेगा। इससे जनपद के रेडीमेड गारमेंट्स उद्योग को कारीगरों को कुशल बनाने की चिंता खत्म हो जाएगी। कुशल कारीगरों की पौध तैयार होने से गारमेंट्स उद्योग को नई दिशा मिलेगी। जिला उद्यम एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के उपायुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में शासन से पांच सौ कुशल कारीगर तैयार करने का लक्ष्य मिला है। इस योजना के तहत आम लोगों के साथ अप्रशिक्षित कारीगरों को भी मौका दिया जाएगा।

> ओडीओपी योजना के तहत जिले को नया लक्ष्य मिल गया है। करीब 500 लोगों को प्रशिक्षित कर कुशल कारीगर बनाया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार के टूल किट भी वितरित किए जाएंगे।
>
> **–अनिल कुमार,** उपायुक्त उद्योग गौतमबुद्ध नगर

दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसके बाद प्रशिक्षण उपरांत रेडीमेड गारमेंट्स में योगदान देने के लिए टूल किट भी निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना से कारीगरों के आजीविका को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए पात्रों की आयु कम से कम 18 साल होना आवश्यक है। योजना का लेने के लिए जिला उद्योग केंद्र सूरजपुर

दैनिक जागरण, ग्रेटर नोएडा, 17 जून, 2019